तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **शैतान सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी (दक्षिण), जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353514801150966	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12/01/26	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपाल वाडी, गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी (दक्षिण) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 13.10.2025 कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्टट, जोधपुर द्वारा जारी पत्र क्रमांकः न्याय/विविध/2025/1191 दिनांक 16.09.2025 के संलग्न (प्रार्थी श्री शैतान सिंह गोगादेव निवासी प्लॉट नं. 15 गोपालवाड़ी द्वारा प्रस्तुत मूल प्रार्थना पत्र) के संबंध में उपखण्ड मजिस्ट्रेट, जोधपुर (दक्षिण) द्वारा की गई कार्यवाही की पत्रावली की संपूर्ण प्रमाणित प्रति हेतु प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी (दक्षिण) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी (दक्षिण) जोधपुर) ने अपने पत्रांक 1567 दिनांक 17.12.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का आवेदन सूचना के अधिकार के तहत उक्त कार्यालय में नहीं किया गया है तथा इस संबंध में किसी प्रकार का आवेदन लंबित नहीं है। अतः रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी (दक्षिण) जोधपुर) की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर उक्त अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:30:10 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19886397